कोटा के नांता इलाके में स्कूल बस पलटी, बच्चे की मौत

कोटा, (निसं)। शहर के नांता इलाके में ट्रेंचिंग ग्राउंड के नजदीक एक निजी स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में बस में सवार एक बच्चे की मौत हो गई जबकि चार-पांच बच्चों को ज्यादा चोट आई है, अन्य बच्चें भी चोटिल हुए हैं। उपचार के लिए बच्चों को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा हैं। दुर्घटना में घायल

- **चोटिल हुए बच्चों को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा हैं।**

और मृतक रीको पर्यावरण इंडस्ट्रीज एरिया में रहने वाले कामगारों के बच्चे हैं। इनमें मृतक कोटा जिले के अयाना थाना इलाके के लक्ष्मीपुरा निवासी 14 वर्षीय लोकेश पुत्र बृजमोहन है। जबकि 20 घायल हैं, जिनमें 11 वर्षीय अभिषेक पुत्र तेजमल, 13 वर्षीय अमित पुत्र प्रमोद, 9 वर्षीय रविंद्र पुत्र तेजमल, 9 वर्षीय वर्षा पुत्री हीरालाल, 13 वर्षीय दिलीप पुत्र रघुवीर, 8 वर्षीय सिद्धार्थ पुत्र रघुवीर, 13 वर्षीय मोहबीद पुत्र रजाक, 14 वर्षीय रविंद्र पुत्र मनोज, 8 वर्षीय आशा पुत्री आत्माराम, 12 वर्षीय गौरव पुत्र राजू, 12 वर्षीय करण पुत्र पहलवान और 9 वर्षीय शिवास पुत्र मुकेश शामिल हैं। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है साथ ही आसपास की बस्ती के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए थे। मौके पर पहुंचे नांता थाना अधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि घटना सोमवार दिन में 1 बजे के आसपास हुई। बस कुन्हाड़ी विकास नगर स्थित एक प्राइवेट स्कूल की है। स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चों को छोड़ने जा रही थी। नांता तिराहे से थोड़ी पहले ही यह हादसा हुआ जिसमें बस अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क से करीब 7 से 8 फीट नीचे गिर गई जिसे जेसीबी की मदद से सीधा करवाया गया। घटना के बाद मौका स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने इन बच्चों को तुरंत बाहर निकालना शुरू किया और अधिकांश बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। इस दौरान कुछ बच्चे लहूलुहान हालत में बाहर निकाले गए जिन्हें ज्यादा चोट लगी थी। बच्चों को भी अस्पताल भेज दिया गया है। यह हादसा कैसे हुआ इस संबंध में चालक से बातचीत की जा रही है।

कोटा के नांता इलाके में एक स्कूल बस पलट गई । जिससे एक बच्चे की मौत हो गई।

मनोज न्याती ने डोनेट की एस.डी.पी.

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता के सहयोग से निरंतर एसडीपी के माध्यम से लोगों की मदद की जा रही है, देर रात को भी कई मामले ऐसे आते हैं जब मरीज के परिजन चिंतित हो उठते हैं, लेकिन ऐसे समय में भी लोगों को हताश नहीं होने दिया जा रहा, कई ऐसे डोनर्स हैं जो 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। ऐसे ही डोनर्स में से एक एबी पॉजिटिव मनोज न्याती है जो हर समय सेवा के लिए तैयार रहते हैं। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से बादाम बाई को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, रात के 3.00 बजे का समय था, प्लेटलेट घटकर 10 हजार रह गई थी, चिकित्सकों ने एसडीपी चढ़ाऐं जाने के लिए कहा, ऐसे मैं परिवार के लोग चिंतित हो गए, किसी ने टीम जीवनदाता से संपर्क के लिए कहा।, उसके बाद मनोज न्याती को कॉल किया तो वह शीघ्र ही एसडीपी के लिए तैयार हो गए और मात्र 20 मिनट में अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और सारी प्रक्रिया के बाद उन्होंने एसडीपी डोनेट की। इस अवसर पर मनोज न्याति का कहना है कि मानवता के कार्य में कभी भी समय नहीं देखना चाहिऐं। यह पूरी प्रक्रिया देख परिवार के रामराज और बनवारी दंग रह गए और उनकी आंखों में इस सेवा को देखकर आंसू आ गऐं।

'हनुमान चालीसा में जीवन के सारे गुण समाहित हैं'

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय मेला दशहरा-2024 के अंतर्गत श्रीराम रंगमंच पर चल रही श्रीराम कथा में पांचवे दिन व्यासपीठ से पं. विजयशंकर मेहता ने

- **परिवार संस्था भारत की पूंजी है, विकास की होड़ में परिवार को खंडित न होने दें**
- **पंडित विजयशंकर मेहता ने श्रीराम कथा में पांचवे दिन किया सुन्दरकाण्ड का वर्णन**

सुन्दरकांड का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा में जीवन के सारे गुण समाहित है। उन्होंने परिवार को भारत की पूंजी बताया। पं.मेहता ने कहा कि अमेरिका जैसे विकसित देशों में परिवार नामक संस्था विखंडित हो चुकी है। हमारे यहां भी विकास की दौड़ में परिवारों के टूटने का खतरा बढ़ गया है। इस परिस्थिति से हमें बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत विकास करें, लेकिन परिवार नहीं टूटना चाहिऐं। पण्डित मेहता ने कहा कि अन्न विचार को प्रभावित करता है। अच्छे विचार के लिए अच्छा भोजन जरूरी है।

यूरिया-डीएपी की नहीं आएगी कमी : बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कोटा स्थित कैंप कार्यालय में कृषि विभाग के अधिकारियों व खाद कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ कोटा-बूंदी में डीएपी और खाद की उपलब्धता की समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों ने स्पीकर बिरला को डीएपी की मांग व आपूर्ति को लेकर जानकारी दी। स्पीकर बिरला ने कहा कि खाद की नियमित आपूर्ति शुरू हो चुकी है, क्षेत्र में डीएपी-यूरिया की कमी नहीं आने दी जाएगी। किसानों को मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। स्पीकर बिरला ने फर्टिलाईजर सेक्रेटरी से बात कर मांग के अनुरूप नियमित रैक भेजने के निर्देश दिए। बैठक में किसानों द्वारा जबरन अटैचमेंट देने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद के साथ अटैचमेंट देने पर कम्पनियों को पाबंद कर कार्यवाही की जाऐं। किसान भी इसे लेकर शिकायत करें। अनावश्यक स्टॉक न करें-स्पीकर बिरला ने किसानों से भी अनावश्यक स्टॉक नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त आपूर्ति होगी, इसलिए वे जरूरत के अनुसार ही स्टॉक करें। बिरला के निर्देश पर रविवार को कोटा के लिए कोरोमंडल का 800 मैट्रिक टन, व बून्दी के लिए कोरोमंडल का 400 मैट्रिक टन व एचयूआरएल का 650 मैट्रिक टन डीएपी पहुंचा है। विभाग द्वारा इसका वितरण शुरू कर दिया है। विशेष अभियान चलाए प्रशासन-लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने कोटा कार्यालय पर जनसुनवाई की।

स्कूल कुश्ती प्रतियोगता

कोटा, (निसं)। कोटा की पहलवान प्रिया शर्मा अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर अब राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। पहलवान प्रिया शर्मा 21 से 27 अक्टूबर तक मेरठ उत्तर प्रदेश में होने वाली 68वीं राष्ट्रीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगता में राजस्थान की ओर से उतरेगी। श्री बजरंग व्यायामशाला के अध्यक्ष मादाराम चौधरी और कोच व गुरु अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रिया शर्मा बजरंग व्यायामशाला में सुबह-शाम 4-4 घंटे नियमित कुश्ती का प्रशिक्षण लेती है।

NAME CHANGE
I, Pavan Kumar Meena, father of Titiksha Meena, Residing at 720, Balaji Nagar, Near Rangbari, Kota, Rajasthan hereby declare that my daughter's name has been changed from "Titiksha" to "Titiksha Meena", In future my minor daughter will be known as "Titiksha Meena"

चंबल के लिए जन सहभागिता का आव्हान

कोटा, (निसं)। चंबल नदी की पैदल परिक्रमा कर रहे पर्यावरणविद् रोबिन सिंह ने कहा है कि चंबल अभी भी देश की कई नदियों से ज्यादा ठीक है नदी को प्रदूषण शोषण एवं अतिक्रमण से मुक्त बनाने के लिए यह समय उचित है यदि हमने अभी ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में चंबल भी विलुप्त होने की श्रेणी में आ जाएगी। रोबिन सिंह ने कहा कि जन सहभागिता और शासन का सहयोग बहुत महत्व रखता है आश्चर्य है कि नदी का सुरक्षा कवच कमजोर होता जा रहा है। चम्बल संसद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे महामंडलेश्वर साध्वी हेमा सरस्वती ने चंबल के ऊपर व्याप्त संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों को भी अपनी आदत में बदलाव करना पड़ेगा पॉलिथीन एवं प्लास्टिक के कचरे को उचित प्रबंधन के द्वारा निस्तारण करना चाहिए उन्होंने सरकार से भी कहा कि प्रतिबंधों का पालन कड़ाई से कराया जाए। कबीर पारख संस्थान के संत प्रभाकर ने कहा कि कचरा प्रबंधन समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है जागरूक नागरिकों को इसके लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। स्वामी तेजोमाया नंद वन ने नागरिकों से शासन से संवाद बनाने का अनुरोध किया। चम्बल संसद के अध्यक्ष कुंज बिहारी नंदवाना, डॉ आरसी साहनी, पूर्व वार्ड मेंबरअजय शर्मा, समाज सेवी लटूर लाल डैनी, विधिक सेवा प्राधिकरण की काउंसलर जया सिंह, गीता दाधीच आदि प्रमुख जन रहे। भदाना से कोटा शहर में वरिष्ठजन कल्याण समिति के सीकेएस परमार, अपना संस्थान के वेद प्रकाश आदि ने स्वागत किया।

प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र

कोटा, (निसं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, कोटा द्वारा लगाई गई मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आम लोगों के बीच केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देने वाली है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजनता विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल कर सकती हैं और उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित हो सकती हैं। यह विचार सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने व्यक्त किऐं। वह केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित चार दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। 131 वॉ राष्ट्रीय दशहरा मेला परिसर में इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जो युवा पीढ़ी का आकर्षण का केन्द्र बन रही है। अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने भी इस मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का अवलोकन किया ।

खादी के कुर्ता-पायजामा, साड़ी और कपड़े की हो रही खूब बिक्री

कोटा, (निसं)। खादी भंडार की स्टॉलें कोटा के 131वें राष्ट्रीय दशहरा मेले का खास आकर्षण बनी हुई हैं। मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी के आग्रह पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर लगाई गई इन स्टॉलों पर खादी के वस्त्रों और ग्रामोद्योग के उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। सोने पर सुहागा यह कि सभी खादी उत्पादों पर भारी छूट भी मिल रही है। 25 से 50 प्रतिशत तक की छूट और उत्पादों की गुणवत्ता के चलते इन स्टालों पर खासी भीड़ उमड़ रही है। खादी और ग्रामोद्योग मंत्रालय की ओर से कोटा के दशहरा मेले में पहली बार देश भर के चुनिंदा 10 खादी भंडारों की स्टॉल लगाई गई हैं। इस स्टॉल पर खादी वस्त्रों की विस्तृत श्रृंखला जिसमें साड़ी, कुर्ता, पायजामा, दुपट्टे, जैकेट, शॉल और टोपी ही नहीं खादी से बने बैग, रूमाल, बेडशीट्स, शॉल, तकिया, रजाई और गद्दे तक उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की सुंदरता और गुणवत्ता को देखकर हर कोई प्रभावित हो रहा है। स्टॉल संचालकों ने बताया कि खादी भंडार में बने यह कपड़े न केवल शुद्ध सूती धागे से बनाए गए हैं, बल्कि इनकी गुणवत्ता भी बेहद अच्छी होती है। जिसके चलते यह खूबसूरत तो लगते ही हैं, साथ ही लंबे समय तक टिकाऊ रहते हैं। खादी भंडार की इन स्टॉल पर सूती ही नहीं ऊनी कपड़ों की भी बड़ी रेंज मौजूद है। जैकेट में ऊनी, सूती और कैजुअली पहने जानी वाली तीन तरह की वैरायटी मौजूद है। ऐसे ही मल्टी डिजाइनों, रंगों और शैलियों में शर्ट और कुर्ते के कपड़े की बड़ी रैंज मौजूद है। सिलाई के लिए बिक रहे इन कपड़ों के साथ ही पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन वाले रैडीमेड कुर्ते, शर्ट और शॉर्ट शर्ट आदि भी ग्राहकों का खासा मन मोह रहे हैं। खादी भंडार की इन स्टॉल पर सिर्फ हैंड मेड मोटी खादी ही नहीं, सूती खादी, रेशमी खादी, ऊनी खादी और पोली खादी जैसे अलग-अलग प्रकार के खादी कपड़े उपलब्ध हैं। जिससे ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुसार कपड़े चुनने का मौका मिल रहा है। खादी के ये उत्पाद न केवल दैनिक उपयोग के लिए बल्कि त्योहारों और विशेष अवसरों के लिए भी खरीदारों का विशेष आकर्षण बना हुआ है।

मेले में खादी के वस्त्रों के अलावा ग्रामोद्योग से संबंधित अन्य उत्पाद भी उपलब्ध हैं।

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर
131 वां राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा
श्री राम कथा
(पूज्य पंडित विजय शंकर मेहता जी के श्रीमुख से)
दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक | श्री राम रंगमंच | प्रायोजक: के. डी.ए.
मोटिवेशन कार्यक्रम
(मनोज मुंतशिर शुक्ला)
सायं 6:30 बजे | प्रायोजक: ALLEN
लाइट एंड साउण्ड शो
रात्रि 9:00 बजे | प्रायोजक: के.डी.ए.
22 अक्टूबर 2024, मंगलवार | विजयश्री रंगमंच, दशहरा मैदान, कोटा
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. रविन्द्र गोस्वामी
जिला कलेक्टर, कोटा
* आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं *
विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति
नगर निगम दक्षिण-उत्तर परिवार

बंदी में 15000 भाजपा की सदस्यता दिलाने का लक्ष्य

बूंदी। विश्व के सबसे बडे राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान 2024 अपनी पराकाष्ठा पर है। शहर में जनसाधारण को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने एवं पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए जागरूकता हेतु जिलाध्यक्ष सुरेश अठावाल एवं शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी के नेतृत्व में चौगान बाजार में सदस्यता जागरूकता शिविर लगाया जाकर राजस्थान सरकार एवं भाजपा की केंद्र सरकार की उपलब्धियां ,योजनाओं एवं रीति नीति से लोगों को अवगत कराया जाकर योजनाओं का लाभ लेने एवं भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने को प्रोत्साहित किया गया। शहर अध्यक्ष श्रृंगी ने बताया कि शहर में 15000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

इस दौरान बाजार में लोगों को सदस्यता अभियान के संबंध में प्राप्त सामग्री वितरित की गई एवं भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं योजनाओं के संबंध में अवगत कराते हुए लोगों को भाजपा के सदस्यता ग्रहण करने एवं और अधिक मजबूत करने की अपील की गई । शिविर के दौरान मौके पर ही कई लोगों को सदस्यता प्रदान की गई यहां तक कि लोगों ने शिविर में आकर अपने आप को भाजपा का सदस्य बनने की पेशकश की जिन्हें तुरंत सदस्य बनाया गया। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया की इस दौरान भाजपा सदस्यता अभियान के शहर संयोजक मोहन कराड सह संयोजक लोकेश दाधीच पूर्व सभापति भगवान लाडला पूर्व शहर अध्यक्ष सुशील मेहता, जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक जैन, पार्षद मानस जैन, नवीन सिंह,सर्व दमन शर्मा, मुकेश सोमानी, अशोक शर्मा सेक्रेटरी आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

"राइजिंग राजस्थान मीट" का आयोजन

झालावाड । राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024 के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन सोमवार को ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में होटल मानसिंह पैलेस में हुआ।

जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट में उपस्थित उद्यिमयों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान को आर्थिक रूप से विकसित प्रदेश बनाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

आरोपी को सुनाई 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

बूंदी । नाबालिग पीड़िता के साथ छेडछाड करने के आरोपी को पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या एक न्यायाधीश ने 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 30000 रुपए के जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक राकेश ठाकोर ने बताया कि 4 अप्रैल 2024 को फरियादी पीडिता ने कापरेन थाने में एक रिपोर्ट पेश की कि लगभग 12:30 बजे की बात है कि हम सभी बच्चे कोडक्या चौराहे से कापरेन परीक्षा देने जा रहे थे तो ऑटो कोडक्या चौराहे पर खडा था उसी समय अभियुक्त विक्रम सिंह आया और हमें परेशान करने लग गया और उसने पीडिता के सीने को छुआ और छेडखानी करके वहां से भाग गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना कापरेन पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बाद अनुसंधान न्यायालय में चालान पेश किया। सोमवार को न्यायालय पोक्सो क्रम संख्या 1 बूंदी के न्यायाधीश सलीम बदर ने निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त विक्रम सिंह पुत्र भंवर सिंह जाति राजपूत निवासी कोडक्या थाना कापरेन जिला बूंदी को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं 30000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामले की पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक ने 11 गवाह एवं 13 दस्तावेज प्रदर्शित कराए।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक:-एफ 11/विक्रय/2024/949 **नामान्तरण हेतु विज्ञप्ति** दिनांक:-16.10.24
न्यास कार्यालय के पत्र क्रमांक एफ 11/सुभाष नगर/465 दिनांक 22.07.1992 के द्वारा आवास संख्या AH-265 आनन्दपुरा का आवंटन श्री कालू राम पुत्र श्री भूरा राम को किया गया है। श्री कालू राम पुत्र श्री भूरा राम द्वारा आलेखित मुख्तारआम श्री छोटूलाल पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा उक्त आवास का विक्रय जर्ये पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 13.04.2018 को श्रीमती बरजीबाई पत्नी श्री छोटूलाल को कर दिया गया है। श्रीमती बरजीबाई पत्नी श्री छोटूलाल द्वारा उक्त आवास का नामांतरण स्वयं के नाम किए जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवास संख्या AH-265 आनन्दपुरा का नामांतरण श्रीमती बरजीबाई पत्नी श्री छोटूलाल के नाम किए जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस में प्राधिकरण में आपत्ति दर्ज करावे। बाद मियाद गुजरने के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त आवास का नामांतरण श्रीमती बरजीबाई पत्नी श्री छोटूलाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जायेगी।
उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक:-1662 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-21.10.24
कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की बालाजी नगर आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 697 का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 07.06.1996 को श्री मगनलाल नागर पुत्र श्री धुलीलाल नागर को किया गया था। आवंटी श्री मगनलाल नागर पुत्र श्री धुलीलाल नागर की मृत्यु दिनांक 30.09.2023 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखंड/आवास की वसीयत श्री नरेन्द्र प्रकाश नागर उर्फ नरेन्द्र नागर के नाम निष्पादित कर रखी थी। श्री नरेन्द्र प्रकाश नागर उर्फ नरेन्द्र नागर द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा पत्र, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 697 योजना बालाजी नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री नरेन्द्र प्रकाश नागर उर्फ नरेन्द्र नागर पुत्र श्री मगनलाल नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

जैन समाज के अंतराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन का पोस्टर जारी

कोटा, (निसं)। चंद्रप्रभु दिगंबर जैन रिद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी मंदिर में दिगम्बर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन का पोस्टर/बैनर विमोचन श्रमण श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज के सानिध्य में किया गया। इस परिचय सम्मेलन में देश-विदेश के जैन समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों शामिल होगी। सूत्रधार जेके जैन ने बताया कि सम्मेलन 15 दिसंबर को इंदौर में आयोजित किया जाएगा। रिद्धि-सिद्धि मंदिर के अध्यक्ष राजू गोधा और मंत्री पंकज खटोड़ ने परिचय सम्मेलन मैं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप कोटा रीजन और फेडरेशन के पदाधिकारियों ने मुनिराज का पाद पक्षालन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रिद्धि-सिद्धि मंदिर के अध्यक्ष राजू गोधा और मंत्री पंकज खटोड़ ने आगामी परिचय सम्मेलन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकम पाटनी, मंत्री पारस बज आदित्य और पूर्व जज जेनेंद्र जैन भी उपस्थित थे। परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय सूत्रधार जेके जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश चाँदवाड़, पूर्व रीजन अध्यक्ष उमेश अजमेरा और वर्तमान रीजन अध्यक्ष अनुराग सेठी ने रिद्धि-सिद्धि मंदिर के सभी पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान, मंदिर प्रांगण में परिचय सम्मेलन की एक स्टॉल भी लगाई गई, जिसके प्रभारी अरुण बकलीवाल और इंजीनियर आरके जैन बज थे। सूत्रधार जेके जैन ने कहा कि युवक-युवति परिचय सम्मेलन, समाज में एकसूत्र बंधन की महत्त्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य न केवल युवाओं को एक-दूसरे से परिचित कराना है, बल्कि उन्हें एक साझा संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की दिशा में जोड़कर समर्पित समाज की नींव रखने में सहायक बनाना भी है। यह सम्मेलन सामाजिक बंधनों को सुदृढ़ करने का एक अद्वितीय मंच प्रस्तुत करता करेगा। परिचय सम्मेलन ना केवल व्यक्तिगत संबंधों को प्रगाढ़ बनाता है, बल्कि सामूहिक चेतना को भी जागृत करता है, जिससे समाज में एकजुटता और सहयोग का वातावरण निर्मित होती है।

- **युवक-युवति परिचय सम्मेलन, समाज को एकसूत्र बांधने की डोर : जेके जैन**
- **पोस्टर जारी करते समय श्रमण श्रुतसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज मौजूद रहे**

नव नियुक्त प्रदेश सचिव संभाग अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को दी

रामगंजमंडी (निसं)। रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रहे बाबूलाल मेघवाल ने रविवार को अपने निजी निवास पर मेघवाल महासभा की विशेष बैठक का आयोजन किया। इस दौरान मेघवाल समाज के कई गणमान्य नागरिकों ने बैठक में हिस्सा लिया। बाबूलाल मेघवाल ने मेघवाल समाज के आराध्य लोक देवता बाबा रामदेवजी और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बैठक की शुरुआत की और कहा कि मेघवाल महासभा से जुड़कर समाज के लिए कार्य करेंगे और समाज को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मरी हुई मछली पानी के साथ बह जाती है और जिंदा मछली पानी की विपरीत दिशा में भी तेर जाती है उसी प्रकार से हमें भी जीवित रहते समाज के लिए कुछ करके दिखाना है। साथ ही यह भी कहा कि समाज के लोगों को समाज की प्रतिभाओं का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए और जिससे समाज का नाम रोशन हो सकें। इसी दौरान मेघवाल ने प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल कोला वाले कोटा संभाग अध्यक्ष सांवर लाल मेघवाल उदयपुर संभाग अध्यक्ष प्रहलाद मेघवाल चित्तौड़ जिला राधाकिशन मेघवाल कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल का तिलक लगाकर फूल माला के साथ स्वागत अभिनंदन किया। बैठक के दौरान सांवरलाल मेघवाल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोतियों की माला को जोड़ने का काम एक धागा करता है ठीक उसी प्रकार से समाज को जोड़ने का काम बाबूलाल मेघवाल द्वारा किया जा रहा है और इन्होंने जो माल के लिए मोती चुने हैं वो मोती कहीं ना कहीं मणी का काम करेंगे। सांवरलाल मेघवाल ने इस दौरान 10 नवंबर 2024 को रामगंजमंडी में मेघवाल महासभा के एक विशाल आयोजन का भी ऐलान किया।वहीं प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल ने कहां की समाज अब शिक्षा और रोजगार की ओर बढ़ रहा है। मेघवाल महासभा के मंच से सभी समाजजन एक होकर समाज के लिए कार्य करेंगे और समाज को रूढ़िवादी परंपराओं से दूर कर नई दिशा देंगे। साथ ही बारी-बारी से सभी ने अपने विचार रखें। अंत में सभी ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव उदयपुर संभाग व कोटा संभाग अध्यक्ष, सहित चित्तौड़ जिला और कोटा जिला अध्यक्ष को बधाई दी। इस दौरान घनश्याम मेघवाल देवली खुर्द दुर्गेश मेघवाल अरलाई महेश कुमार मेघवाल बुरन खेड़ी उदय मेघवाल भोला मंडा विनोद मंडा पूर्व सरपंच जीतमल मेघवाल विष्णु मेघवाल पूर्व सरपंच भंवर लाल मेघवाल नारायण मेघवाल पटेल किशन लाल मेघवाल शोभाराम मेघवाल देवली खुर्द भेरू लाल मेघवाल अध्यापक व रविन्द्र मेघवाल कुंभकोट, सहित आदि मौजूद रहे।

रामगंज मंडी में मेघवाल महासभा की विशेष बैठक का आयोजन हुआ।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक:-एफ-15/कु.भू.रू./2024/2625 **विज्ञप्ति** दिनांक:-21.10.2024
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालाकुण्ड में स्थित कृषि भूमि योजना जवाहर नगर भूखंड संख्या जे-22 खसरा नं. 41 आवेदक/आवेदिका श्री महेन्द्र कुमार यादव व राजेश कुमार यादव पिसरान श्री बाबू लाल यादव निवासी बनासिया पाडा मेन रोड वार्ड नं. 18 कैथून जिला कोटा राज. द्वारा पट्टा जारी करने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत पत्रावली में संलग्न दस्तावेज का अवलोकन किया गया तो यह तथ्य सामने आया है कि खातेदार कंवरजीत सिंह पुत्र श्री भगत सिंह एवं राकेश चन्द पुत्र श्री शालता प्रसाद द्वारा भूखंड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 08.06.1987 में श्रीमती सीता बाई पत्नी श्री बाबूलाल यादव को किया गया। क्रेता सीता बाई के पक्ष न्यास द्वारा पट्टा क्रमांक 1373 दिनांक 24.12.2002 को जारी किया गया। पट्टाधारी श्रीमती सीता बाई की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 24.08.2009 तथा पति बाबूलाल यादव की मृत्यु दिनांक 08.05.2019 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान प्रस्तुत विधिक वारिसान शपथ पत्र व वार्ड पार्षद के प्रमाण पत्र अनुसार महेन्द्र कुमार यादव व राजेश कुमार यादव है।
अत: श्री महेन्द्र कुमार यादव व राजेश कुमार यादव पिसरान श्री बाबू लाल यादव के पक्ष में पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 3914 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 21.10.24
आवास संख्या 1-के-22 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री शहजाद बहादुर सक्सैना पुत्र स्व. श्री गबदेलाल सक्सैना को किया गया। श्री शहजाद बहादुर सक्सैना पुत्र स्व. श्री गबदेलाल सक्सैना की मृत्यु हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 10.05.1991 को श्रीमती रमा सक्सैना को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती रमा सक्सैना पत्नी स्व. श्री शहजाद बहादुर सक्सैना द्वारा दिनांक 16.03.1992 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती रमा सक्सैना पत्नी स्व. श्री शहजाद बहादुर सक्सैना द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 05.08.1993 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री धन्नालाल सोनी पुत्र श्री पूरनमल सोनी को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री धन्नालाल सोनी पुत्र श्री पूरनमल सोनी मुख्तार आम श्रीमती रमा सक्सैना पत्नी स्व. श्री शहजाद बहादुर सक्सैना द्वारा मुख्तार आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 19.08.1993 को श्री कृपा कृष्ण गोत्तम पुत्र श्री पु